13.07.2020

# 12 अनुस्वार ( ं ) का प्रयोग



पंख



हंस



बंदर



पंखा

## मझिए और पढ़िए।

Understanding and Reading Skills



| | | | |
|---|---|---|---|
| पंच | मंच | ठंड | दंड |
| तंग | भंग | अंग | जंग |
| अंडा | डंडा | चंगा | दंगा |



## लिए और अंतर समझिए।

Understanding and Speaking Skills



| | |
|---|---|
| जग | जंग |
| मद | मंद |

| | |
|---|---|
| बद | बंद |
| कस | कंस |



# चिड़ियाघर की सैर



मंगलवार का दिन था। संजय, कंचन, रंजन और गंगा चिड़ियाघर घूमने गए। अंदर जाते ही एक तालाब था। उसमें बतखें तैर रही थीं। वे कुछ दूर चले। उधर एक पंख फैलाकर नाचता हुआ मोर दिखाई दिया। गंगा बोली–"देखो, देखो कितना सुंदर मोर!" सबने सुंदर मोर देखा। फिर बंदर, लंगूर और रंग-बिरंगे पक्षी देखे। एक बंदर पेड़ पर लटक रहा था।

चिड़ियाघर में सभी को बहुत आनंद आया। फिर सबने एक साथ बैठकर भोजन किया। संजय और कंचन ने हाथी की सवारी भी की। फिर सब खुशी-खुशी घर लौट आए।

13.07.2020

अं = ं

कं मं बं ठं जं

प्रश्न 1. कौन - कौन चिड़ियाघर गए?

उत्तर = संजय, रंजन, कंचन और गंगा।

प्रश्न 2. तालाब में क्या तैर रही थी?

उत्तर = तालाब में बतखें तैर रही थीं।

प्रश्न 3. पंख फैलाकर कौन नाच रहा था?


उत्तर = पंख फैलाकर मोर नाच रहा था।


प्रश्न 4. पक्षी कैसे थे?

उत्तर = पक्षी रंग - बिरंगे थे।


चित्रों के नाम लिखो-

1.  घंटी

2.  कंघा

3.  पंख

4.  पंखा

5.  पतंग